सार-समाचार

वाकपीठ संगोष्ठी का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्थानीय भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ गोविंद प्रसाद शर्मा ने की एवं डॉ लक्ष्मण कुमार गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ गोविंद प्रसाद शर्मा ने हिंदी दिवस का महत्व बताते हुए कहा विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत 10 जनवरी 2006 को भारत सरकार ने की थी। इस दिन को खास तौर पर विश्वभर में हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति और भाषा की वैश्विक पहचान बनाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने हिंदी की महत्ता से अवगत करवाते हुए इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात कहीद्य मुख्य वक्ता डॉ लक्ष्मण कुमार गुप्ता ने कहा राजभाषा आयोग ने इस दिन को मनाने का विचार प्रस्तुत किया था इसका उद्देश्य हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित करना था। 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया और आज हिंदी वेश्विक स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना रही है। कार्यक्रम को महाविद्यालय की छात्र अध्यापिका नेहा शर्मा, प्रियंका महावर, मधु गौड, भावेश शर्मा, सुमन मीना एवं अन्य छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने भी संबोधित किया और हिंदी दिवस के उपलक्ष में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी नवदीप शर्मा ने हिंदी दिवस का महत्व बताया और जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित श्अरुण यह मधु मय देश हमारा कविता प्रस्तुत कर हिंदी की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम को महाविद्यालय के अन्य प्रवक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ मनीषा शर्मा, श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव, विजय राज त्रिवेदी, रमेश गुप्ता, मुकेश शर्मा, गोपाल मुद्गल, पूजा शर्मा, सुमित दुबे, मोना मथुरिया, आरती शर्मा एवं महाविद्यालय के कई प्रवक्ता उपस्थित रहे।

पुत्रदा एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब

गंगापुर सिटी, (निसं)।ं नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी पर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। मंदिर में बाबा श्याम का भव्य और अलौकिक श्रृंगार कर आकर्षक झांकी सजाई गई। सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया और दिनभर दर्शन के लिए भीड उमडती रही। मंदिर समिति ने विशेष तैयारियां की थी। सुबह सबसे पहले मंदिर परिसर की साफ-सफाई और धुलाई की गई। बाबा श्याम को नई पोशाक पहनाई गई और फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। करीब 2ं हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। शाम को विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों भक्त ने भाग ले कर परिवार की खुशहाली के लिए मनौती मांगी। श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम और श्याम चालीसा का पाठ किया। श्री कल्याण मंदिर में भी एकादशी के मौके पर भव्य झांकी सजाई गई। जहां भक्तों की भारी भीड उमडी। दूसरी ओर बाबा श्याम के मंदिर के बाहर प्रसाद के अलावा सैकडों दुकान खिलौने गुब्बारे आदि की लगी हुई थी। जहां पर बच्चों ने खरीदारी की।

आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

करौली, (निसं)। जिला रसद अधिकारी देवराज रवि ने बताया है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा 2024-25 से रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना का दायरा बढ़ाते हुए सभी उपभोक्ता जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है उन समस्त एनएफएसए लाभान्वितों को रूपये 450 में एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए 31 जनवरी तक अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकानदार से पोस मशीन के माध्यम से समस्त सदस्यों के आधार नम्बर की सीडिंग,ई केवाईसी तथा परिवार के समस्त सदस्यों के नाम,समस्त एलपीजी आईडी की सीडिंग करवा लेवे व प्रत्येक लाभान्वित अपने साथ आधार कार्ड,जनआधार कार्ड,गैस डायरी व राशनकार्ड लेकर जावे। ताकि रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी राशि का लाभ प्राप्त हो सके।

विप्र महासभा की बैठक

करौली, (निसं)। विप्र महासभा कि बैठक में नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षों कि घोषणा की गई। बैठक में योगेंद्र भारद्वाज को सर्व सहमति से राजस्थान महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विप्र महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया द्वारा प्रदेश भर से आए विप्र महासभा के अतिथियों का शॉल एवं भगवान परशुराम कि तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं करौली के जिला अध्यक्ष सनी शर्मा का भी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शाल एवं परशुराम भगवान कि तस्वीर भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी दिनेश शर्मा,डिप्टी सीएम राजेश भारद्वाज, डीआईजी स्टांप डॉ. जीएल शर्मा, लक्ष्मीकांत कटरा,अशोक शर्मा, रमाकांत शर्मा,रामानंद शर्मा और कई आरएएस और आईपीएस अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

ज्ञापन सौंपा

करौली, (निसं)। करौली में ई-मित्र प्लस ऑपरेटर संघ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संघ की मुख्य मांग है कि राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली 11 हजार अटल प्रेरकों की भर्ती में उन्हें प्राथमिकता दी जाए। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर ने बताया कि ये ऑपरेटर पिछले 8 वर्षों से राजीव गांधी सेवा केंद्र और अटल सेवा केंद्रों पर सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

बदमाश पंजाब नेशनल बैंक से दस लाख रुपए लूटकर फरार

हिण्डौन सिटी, (निसं)। हिण्डौन के रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच से नकाबपोश दो बदमाश कट्टे की नोक पर 10 लाख रुपए की नगदी लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर जिलेभर में नाकाबंदी कराई है तथा लुटेरों की तलाश की जा रही है। बैंक में कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था। लेकिन सीसीटीवी कैमरे में लुटेरे शॉल और नकाब पहने दिखाई दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक की रीको औद्योगिक क्षेत्र शाखा का कैशियर शुक्रवार दोपहर चेस्ट ब्रांच से 10 लाख रुपए की नगदी लेकर बैंक पहुंचा। इसके तुरंत बाद दो नकाबपोश बदमाशो ने बैंक के अंदर प्रवेश किया तथा बैंक कैशियर की कनपटी पर देसी कट्टा लगाकर 10 लाख रुपए की नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। बैंक कर्मियों की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह सहित हिण्डौन नई मंडी थाना अधिकारी रामकिशन यादव एवं कोतवाली थाना प्रभारी हरलाल मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जिले भर में घटना की सूचना देकर अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी करवाई है तथा लुटेरों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि बैंक का सुरक्षा गार्ड करीब 6 माह पूर्व सेवानिवृत हो गया। उसके बाद बैंक ने किसी दूसरे सुरक्षा गार्ड को नियुक्त नहीं किया। घटना के बाद बैंक की महिला कर्मचारी सहम गई और रोने लग गई। पुलिस बैंक कर्मियों से पूछताछ एवं सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही आकृति के आधार पर लुटेरों की सर गर्मी से तलाश में जुटी है।

पंजाब नेशनल बैंक से कट्टे की नोंक पर 10 लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया।

कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को किया रवाना

करौली, (निसं)। करौली में महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरीझंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह विशेष यूनिट महिलाओं और बालिकाओं कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी। जिला पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय ने बताया कि करौली जिले में कुल चार यूनिट तैनात कि गई हैं।

जिला मुख्यालय पर दो,टोडाभीम और हिंडौन में एक-एक यूनिट तैनात की गई है। प्रत्येक यूनिट में स्कूटी हूटर,लाउडस्पीकर और पुलिस लाइट से लैस है। हर स्कूटी पर दो महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। जिन्हें विशेष पहचान के लिए खास पोशाक दी गई है। यह यूनिट मुख्य रूप से स्कूल,कॉलेज,कोचिंग सेन्टरो एवं भीडभाड वाले स्थानो व मंदिरो के आस-पास और शहर में गश्त करेगी।

नववर्ष मिलन समारोह आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी के तत्वावधान में नव वर्ष मिलन समारोह 2ं25 शनिवार को दिगंबर जैन मंदिर नसिंया जी में धूमधाम के साथ बनाया जाएगा। ग्रुप के अध्यक्ष के के जैन ने बताया किइस अबसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 से होगी। सभी ग्रुप सदस्य परिवारों का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा ।ग्रुप की सामान्य सभा की मीटिंग का आयोजन किया जाएगा।

मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से महाकुंभ में कंबल व खाद्य सामग्री भेजी

मेहंदीपुर बालाजी, (निसं)। आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से प्रयागराज महाकुंभ में खाध सामठी और कंबल आज रवाना हुये। मंहत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में 100 टीन धी, 250 टीन तेल, 20 टन अनाज, 10 दाल 10 हज़ार कंबल सहित अन्य सामठी महाकुंभ के अन्न क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। जिन्हें आज गृह मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया।

मंत्री के बालाजी मंदिर पहुंचने पर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनका स्वागत किया और बालाजी महाराज के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की ।वही कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री व महंत ने पूजा अर्चना कर प्रसादी का भोग लगाया और महाकुंभ में खाध सामठी से भरे वाहनों को बालाजी की झंडी दिखाकर रवाना किया। वही मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के पीठाधीश्वर डॉक्टर महंत नरेश पुरी महाराज द्वारा सामाजिक सरोकार हमेशा से निभाया जाता रहा है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा अग्नि पीड़ित परिवारों को मुआवजा देना। गरीबों की सहायता करना वह कन्याओं के विवाह में बढ़-चढ़कर मदद करना। ऐसे कार्य मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंहत महाराज के सानिध्य में समय-समय पर किए जाते रहते हैं।

गृहमंत्री ने बेढम ने मीडिया से बात करते हुए प्रयागराज महाकुंभ को ऐतिहासिक कार्यक्रम बताते हुए कहा कि प्रत्येक भारतवासी महाकुंभ में स्नान और आचमन कर पुण्य फल कमाएँ और देश उन्नित की प्रार्थना करे ।इस दौरान राज्यसभा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा, राजस्थान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, जयपुर प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा, डीएसपी दीपक मीना टोडाभीम पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल मीना समेत प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।



मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने खाध सामठी वाहनों को बालाजी की ध्वजा दिखाकर रवाना किया।

अर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुख्य विचारधारा में लाने पर होगी चर्चा

भरतपुर, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला भरतपुर अग्रवाल महासभा का जिला अधिवेशन रविवार को स्थानीय सूर्या सिटी के प्रांगण में सीए अतुल मित्तल की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

जिला महामंत्री मुकेश कुमार सिंघल ने बताया कि इस सम्मेलन में जिल महिला व जिला युवा अग्रवाल महासभा की टीम, राष्ट्रीय व प्रदेश अखिल भारतीय सम्मेलन की टीम भाग लेगी। महिला जिलाध्यक्ष शालिनी मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के प्रधान संरक्षक विजय बंसल पूर्व विधायक, डॉ सुभाष गर्ग विधायक, मदन मोहन सिंघल पूर्व विधायक, प्रेम मंगल राष्ट्रीय उपमहामंत्री, गिरीश गर्ग प्रदेश अध्यक्ष, मनोज जिंदल राष्ट्रीय युवा चेयरमेन, सम्मति हंकारा प्रदेश महामंत्री व विनीत बंसल प्रदेश युवा महामंत्री प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगें।

> ■ जिला अधिवेशन में समाज के अर्थिक रुप से कमजोर लोगो को मुख्य विचारधारा मे लाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर होगी चर्चा।

जिला युवा महामंत्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में जिले की 40 से अधिक ईकाईयों के जिसमें बयाना, डीग, कुम्हेर, सीकरी, नगर, जुरहरा, रुपवास, पहाडी, नदबई, उच्चौन, रुदावल, भुसावर, वैर, कांमा, जनूथर एवं शहर ईकाईयों में रनजीत नगर, राजेन्द्र नगर, कृष्णा नगर, हीरादास, गिरीश विहार, जवाहर नगर, पेशनर्स ईकाइ सीनियर सिटीजन, अठावाल जन चेतना मंच, अठावाल भवन, अठावाल सभा आदि के महिला एवं युवा कार्यकारिणी सहित संरक्षक मण्डल व समस्त सक्रिय कार्यकर्ता कार्यक्रम में सूर्या सिटी फतेहपुर सीकरी रोड पर समाज की एकता का परिचय देगें।

कोषाध्यक्ष नवरत्न गर्ग ने बताया कि नव वर्ष मिलन समारोह में समाज के अर्थिक रुप से कमजोर लोगो को मुख्य विचारधारा मे लाने, विधवा पेंशन व मेधावी छात्र-छात्राओं को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, समाज के बच्चो को तकनीकी रुप से सक्षम करने व सदस्यता संस्था विस्तार, चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न कैम्प का आयोजन आदि पर विस्तृत चर्चा होगी, कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रोठाम भी होगें। कार्यक्रम में समाज में चल रही कुरीतियों को समाप्त करने, वैवाहिक सम्बन्धों में मध्यस्था व वैवाहिक सम्बन्धों में आ रही परेशानियो पर चर्चा की जायेगी।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी शामिल है, इसके अतिरिक्त ईकाईयों द्वारा वर्ष पर्यन्त किये जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर जायेगी। कार्यक्रम में सपना डीगिया, ओमप्रकाश आचार वाले, मनीष गर्ग एवं सुनील गोयल प्रधान भी प्रमुख रुप से उपस्थित रहें।अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला भरतपुर अग्रवाल महासभा का जिला अधिवेशन रविवार को स्थानीय सूर्या सिटी के प्रांगण में सीए अतुल मित्तल की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

जिला भरतपुर अग्रवाल महासभा का जिला अधिवेशन सीए अतुल मित्तल (दाएं से चौथे) ने जानकारी दी।

श्रीराम और माता शबरी की कथा सुनाई

गंगापुर सिटी, (निसं)।श्री राम कथा सेवा समिति के तत्वाधान में किरण पैलेस में चल रही राम कथा के आठवें दिवस शुक्रवार को परम पूज्य आचार्या आराधना देवी के मुखारविंद से श्री राम और माता शबरी की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि मतंग ऋषि की शिष्या माता शबरी ने अपना पूरा जीवन श्री राम के दर्शन के लिए बिता दिया।

गुरु मतंग ने शबरी से कहा कि मेरा जीवन तो पूरा हुआ लेकिन श्री राम का आगमन एक दिन जरूर आश्रम पर होगा और आप उनके दर्शन करना। साध्वी द्वारा माता शबरी का मधुर वचनों से और संगीत से बखान किया। उन्होने कहा कि प्रभु भाव के भूखे है, माता शबरी के झूठे बेर भी प्रभु राम ने प्रेम से खाएं। साध्वी ने श्री राम से हनुमान मिलन की कथा को बडी सुंदर ढंग से समझाया। सुग्रीव ने देखा कि दो वीर पुरुष धनुष धारी उनके पर्वत की ओर आ रहे हैं तब हनुमान जी को उनकी टोह लेने के लिए भेजा। श्री राम और हनुमान मिलन में महादेव प्रसंग सुनाया।

संगीतमय भजनों पर मंत्रमुग्ध होकर श्रोतागण नाचने और झूमने लगे। सुग्रीव से मिलन और बाली का वध करने के बाद सुग्रीव ने अपनी सारी वानर सेना को सीता माता की खोज के लिए चारों तरफ भेजा। राम द्वारा हनुमान जी को मुद्रिका देकर कहा की सीता से मिलने पर पहचान के लिए यह दे देना। जामवंत हनुमान अंगद के साथ समुद्र के किनारे पहुंचे। गिद्धराज जटायू के भाई संम्पाती ने बताया कि समुद्र में दूर लंका में अशोक वाटिका में माता सीता बैठी है। तब सभी वानरों ने समुद्र पार करने में असमर्थता जताई। तब जामवंत द्वारा हनुमान जी को उनके बल याद दिलाया। कहा की ऐसा कौन सा कार्य है जो आप नहीं कर सकते आप बुद्धि और बल में श्रेष्ठ हैं समर्थवान है।

राम काज के लिए ही आपका जन्म हुआ है तब हनुमान जी ने पर्वत समान रूप धारण किया, सभी के श्रेष्ठ जामवंत जी से आज्ञा मांगी। हुंकार भर समुद्र में आकाश मार्ग से उडान भरी समुद्र के बीच में पर्वत राज ने विश्राम के लिए कहा तो हनुमान ने कहा कि राम काज किए बिना मोहि कहां विश्राम देवताओं द्वारा सुरसा को हनुमान की परीक्षा के लिए भेजा, सुरसा को संतुष्ट कर बजरंगबली लंका पहुंच गए। लंका गेट पर लंकिनी नाम की राक्षसी को एक मुस्ठिका से मूर्छित किया लंका में घुसकर नगर भ्रमण किया।

विभीषण के भवन पर श्री हरि का नाम देखकर विभीषण से मिले और श्री हनुमान द्वारा श्री राम व्यथा वृतांत सुनाकर विभीषण से सीता माता का पता पूछा। साध्वी ने अशोक वाटिका में बैठी सीता माता की व्यथा और हनुमान जी द्वारा मुद्रिका को देने का चित्रण किया। अशोक वाटिका उजाडने पर रावण द्वारा सैनिकों को भेजा।

मेघनाथ द्वारा हनुमान जी को ब्रह्म पास में बांधकर दरबार लाया गया। दूत को दंड स्वरूप हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी हनुमान जी द्वारा लंका को जलाने का प्रसंग सुनाया।

सार-समाचार

पतंग महोत्सव कल

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला अग्रवाल महिला संगठन द्वारा नव वर्ष में मकर संक्रांति के उपलक्ष में 12 जनवरी रविवार को अग्रवाल शिक्षण संस्थान के प्रांगण में पतंग महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिला संरक्षक व प्रदेश संस्कृति मंत्री सरोज गर्ग ने बताया कि इस पतंग उत्सव का समस्त अग्रवाल महिला संगठन बहुत ही उत्साह से इंतजार कर रही है। अग्रवाल महिला सेवा समिति अध्यक्ष पदमा गर्ग और तहसील महिला मंडल अध्यक्ष रजनी सिंघल, उदैई मोड महिला मंडल अध्यक्ष शकुंतला ने इस कार्यक्रम की बहुत ही सराहना करते हुए कहा है की गंगापुर सिटी में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी खास बात यही है कि यह विशेष कर महिलाओं के लिए रखा गया है। इस तरह का आयोजन गंगापुर सिटी में पहली बार रखा गया है जिसके लिए महिलाएं बहुत ही उत्साहित हैं। पतंग महोत्सव की तैयारियां बडे जोर शोर से चल रही है। जिला अग्रवाल महिला संगठन की प्रत्येक महिला इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता और श्रम का परिचय दे रही है। शुक्रवार को गंगापुर सिटी नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल द्वारा पतंग महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान सभापति ने कहा की परपतंग महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है। यह त्योहार न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों को जीवित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गंगापुर और जिला अग्रवाल महिला संगठन द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करना समाज सेवा का एक उदाहरण है। यह संगठन समाज के विकास में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है, इसकी बहुत खुशी है। जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने समस्त अग्रवाल महिला संगठन की सभी महिलाओं को आमंत्रित किया है।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का स्वागत

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार गंगापुर सिटी द्वारा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वर्मेंदु का स्वागत किया गया। स्कूल शिक्षा परिवार के प्रवक्ता खगेश खटाना ने बताया कि जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा तथा ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा के सानिध्य में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वर्मेंदु को सीबीईओ गंगापुर सिटी ज्वाइन करने के लिए स्कूल शिक्षा परिवार जिला कार्यकारिणी व ब्लाक कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया गया। प्रवक्ता खटाना ने बताया कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वागत के लिए स्कूल शिक्षा परिवार का आभार व्यक्त किया गया तथा शिक्षा अधिकारी द्वारा संगठन को विश्वास दिलाया कि सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय को एक साथ लेकर चलना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। संगठन के जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा द्वारा विश्वास दिलाया गया कि जो भी विभागीय निर्देश जारी होंगे उनको पूर्ण गंभीरता से संगठन द्वारा पालना की जावेगी। स्वागत समारोह में एसबीओ महेश मीणा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य ओम प्रकाश बेरवा ने भी अपने-अपने विचार व मार्गदर्शन प्रदान किया। स्वागत सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, जिला प्रभारी राजेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह राजपूत, खगेश खटाना, धर्म प्रकाश आर्य, शिवकुमार शर्मा, राम सिंह सिकरवार, नीतू सिंह धावाई, अवधेश जैमिनी, अशोक शर्मा सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

थानाधिकारी ने बच्चों को किया जागरूक

रूपवास, (निसं)। क्षेत्र के गांव खानुआ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गहनौली मोड़ थानाधिकारी उदयचंद मीणा के नेतृत्व में पुलिस ने बच्चों को साइबर क्राइम से जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर थानाधकारी उदयचंद मीणा ने कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम,घरेलू हिंसा,गुड टच बेड टच व स्कूल आते जाते समय असामाजिक तत्वों से नही घबड़ाने की बात पर व्याख्यान देते हुए जागरूक किया। साथ ही थानाधिकारी ने कहा कि छात्राएं रोजाना स्कूल बेझिझक व बैख़ौफ तरीके से होकर आएं। रास्ते में अगर कोई भी मनचला फब्तिया कसता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रभाव से पुलिस को दें। जिससे पुलिस समय रहते ऐसे मनचलों पर कानूनी कार्यवाही कर सके। वहीं अनजान लोगों को ओटीपी नही बताने,काल आने पर काटने व फ्राड होने पर इस तत्काल सूचना पुलिस को देने की बात कही। इसके बाद नए कानून व धाराओं की जानकारी देते हुए घर से बाहर जाते समय झुंड में जाये। जिससे असमाजिक तत्वों को वारदात करने का मौका नहीं मिल सके। वही किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने, गरीबो, बुजुर्गों व असहाय लोगो की मदद करने की भी बात कही। इस अवसर पर एचसी जितेंद्र कुंतल, प्रधानाचार्य संदीप सोगरवाल, व्याख्याता जगन्नाथ शर्मा, नम्रता जैन, शालू कुमारी, क्षमा कुमारी आदि मौजूद रहे।'

बैठक आयोजित

करौली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन सीकर में आयोजित होगा जिसको लेकर बैठक आयोजित कि गई। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर करौली की जिला स्तरीय बैठक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि शिक्षक संघ अम्बेडकर का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 17 व 18 जनवरी को बाबा खीवादास महाविद्यालय सांगलिया सीकर में आयोजित होगा । बैठक में प्रदेश सम्मेलन को सफल बनाने के लिए करौली जिले से अधिक से अधिक संख्या में शिक्षक साथी भाग लेने पर चर्चा कि गई जिला कार्यकारिणी द्वारा ज्ञापन तैयार किया जाएगा जिसमें शिक्षकों के स्थानांतरण करवाने कि मुख्य मांग होगी। सभी ब्लॉक अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई कि आप अपने ब्लॉक से लिस्ट तैयार कर 12 जनवरी तक अवश्य दें। बैठक में अमृतलाल छाबड़ा प्रदेश संगठन मंत्री,रूपसिंह मीणा जिला अध्यक्ष,विष्णु मंडल महामंत्री,टीकाराम महावर जिला कोषाध्यक्ष,घनश्याम मीणा वाइस प्रिंसिपल, तेजराम मीणा ब्लॉक अध्यक्ष करौली,सियाराम जाटव ब्लॉक महामंत्री,रामस्वरूप जाटव जिला उपाध्यक्ष,फूलसिंह मीणा,रामबाबू मीणा,बिंजाराम मीणा,राजेश मीणा,रामपाल मीणा,राजेंद्र मीणा,डॉ. भूरसिंह मीणा,सुभाष चन्द मीना,गिर्राज मीणा,मारुफ बेग,सुभाष मीना,गोविंद राम मीणा,भीम सिंह जाटव संगठन मंत्री,फूल सिंह मीणा आदि उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। राज्य सरकार द्रारा नवसृजित ग्राम पंचायतें,जिला परिषद व पंचायत समिति बनाने की घोषणा के बाद एक बार फिर रीठौली को ग्राम पंचायत बनाने की मांग जोर पकडने लगी है ठामीणों कि पंचायत के निर्णय अनुसार ग्रामीणो ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों पूर्व सरपंच पप्पूराम,बबलू ने बताया कि गत 25 वर्ष से ग्राम पंचायत बनाने कि मांग को लेकर ठाम पंचायत चुनावों का बहिष्कार कर रहे है लेकिन पूर्व में जिला प्रशासन व राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से नही लिया। निवर्तमान गहलोत सरकार द्रारा नवसृजित ठाम पंचायतों का गठन किया। रीठौली के ठामीणों ने जिला प्रशासन को ठाम पंचायत बनाने के लिये उपखंड स्तर पर प्रस्ताव भिजवाये। अनदेखी के चलते गांव को ठाम पंचायत बनाने कि मांग की। इस मामले को लेकर शुरुवार को कलैक्टर निलाभ सक्सैना को ज्ञापन दिया ज्ञापन देने वाले देवपाल पटेल,पूर्व सरपंच पप्पू राम,बबलू मीना,दिनेश ठेकेदार,रामोतार मीना, प्रमोद इस्लाम खा सहित सर्वसमाजों के ठामीण मौजूद रहे।

हड्डी एवं जोड़ रोग शिविर आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। शनिवार को लायंस क्लब सार्थक गंगापुर सिटी की ओर से निशुल्क जोड एवं हड्डी रोग शिविर प्रात: 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक माल गोदाम रोड बी एम फार्मा के पास लगाया जाएगा। शिविर संयोजक पवन गुप्ता ने बताया इस शिविर में हड्डी एवं जोड रोग संबंधित जैसे घुटनों का दर्द, घुटनों से चलने में परेशानी, जोड प्रत्यारोपण, कमर दर्द, कंधों का दर्द आदि किसी भी तरह की हड्डी से संबंधित बीमारी है उसके उपचार हेतु निशुल्क परामर्श जयपुर के विशेषज्ञ द्वारा दिया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुडला,
पंचायत समिति करौली, जिला करौली
क्रमांक:-Spl-6 दिनांक: 10.01.2025
ई-निविदा सूचना SBM/02/2024-25
ग्राम पंचायत गुडला पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ ग्रामों में दिनांक 31.03.2025 वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गुडला
पंचायत समिति करौली, जिला करौली